'समानो मन्त्रः समितिः समानी'

# UNIVERSITY OF NORTH BENGAL

B.A. Minor 1st Semester Examination, 2024

## UHINMIN10001-HINDI

## हिन्दी काव्य

Time Allotted: 2 Hours 30 Minutes — Full Marks: 60

*The figures in the margin indicate full marks.*

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए — $1\times8=8$

(क) कबीर को 'वाणी का डिक्टेटर' किसने कहा ?

(ख) 'कृष्ण गीतावली' किसकी रचना है ?

(ग) घनानन्द की मृत्यु कहाँ हुई थी ?

(घ) बिहारी किसके दरबारी कवि थे ?

(ङ) भारतेन्दु का जन्म कब हुआ था ?

(च) 'तोड़ती पत्थर' कविता में मजदूरनी कहाँ पत्थर तोड़ रही थी ?

(छ) रघुवीर सहाय किस सप्तक के कवि हैं ?

(ज) 'नदी के द्वीप' कविता में द्वीप किसका प्रतीक है ?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं ***पाँच*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए — (अधिकतम 30 शब्दों में) $2\times5=10$

(क) कबीर द्वारा प्रयुक्त 'सतगुरु' शब्द का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(ख) तुलसी के 'रामराज्य' से आप क्या समझते हैं ?

(ग) 'दृग उरझत, टूटत कुटुम्व' — कथन का तात्पर्य क्या है ?

(घ) कबीर ने विरह को 'सुलितान' क्यों कहा है ?

(ङ) 'नदी के द्वीप' कविता का मूल भाव क्या है ?

(च) राजे ने अपनी रखवाली कैसे की ?

(छ) 'हँसो हँसो जल्दी हँसो' की व्यंग्यात्मकता स्पष्ट कीजिए।

(ज) 'बिहारी' को 'गागर में सागर' भरने वाला क्यों कहा गया है ?

3. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** पद्यांशों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए — (अधिकतम 150 शब्दों में) $4\times3=12$

(क) राम नाम मनि दीप धरु जीह देहरी द्वार।

तुलसी भीतर वाहेरहुँ जौ चाहसि उजियार ॥

(ख) सहित सनेह, सकोच सुख, स्वेद कंप मुसकानि।
प्रान पानि करि आपनै, पान धरे मो पानि ॥

(ग) सतगुरु की महिमा अनंत, अनन्त किया उपगार।
लोचन अनंत उघाड़िया, अनन्त दिखावणहार।

(घ) धर्म का बढ़ावा रहा धारेके से भरा हुआ।
लोहा बजा धर्म पर, सभ्यता के नाम पर ॥

(ङ) फिर इस सबमें लगा पलीता
किसी मूर्ख की हो परिणीता
निज घरबार बसाइए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए — (अधिकतम 500 शब्दों में) $10 \times 3 = 30$

(क) कबीर की सामाजिक चेतना पर प्रकाश डालिए।

(ख) निराला के काव्य में 'प्रतिरोध के स्वर' को उद्घाटित कीजिए।

(ग) बिहारी के संयोग श्रृंगार पर आलोकपात कीजिए।

(घ) तुलसी की भक्तिभावना पर प्रकाश डालिए।

(ङ) रघुवीर सहाय की काव्यगत विशेषताएं लिखिए।

——×——